## आज का पंचांग



श्रीपति त्रिपाठी

**तिथि संवत्** शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी रात्रि 09:14 उपरांत द्वादशी श्री शुभ संवत-2083,शाके-1948,हिजरी सन-1447-48

**सूर्योदयकालीन ग्रह विचार**
सूर्य-मिथुन, चंद्रमा-तुला, मंगल-मेष, बुध-कर्क , गुरु-कर्क, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

**सूर्योदयकालीन नक्षत्र**
स्वाति, योग-शिव, करण-व

**चौघड़िया** : प्रातः 06:00 से 07:30 तक शुभ, प्रातः 07:30 से 09:00 तक रोग, प्रातः 09:00 से 10:30 बजे तक उद्वेग, प्रातः 10:30 बजे से 12:00 बजे तक चर, दोपहरः 12:00 से 01:30 बजे तक लाभ, दोपहरः 01:30 से 3:00 बजे तक अमृत, दोपहरः 3:00 से 4:30 बजे तक काल, शामः 04:30 से 06:00 तक शुभ। **उपायः** तंदूर की बनी रोटी कुत्तों को खिलायें। **आराधनाः** ऊं हं हनुमते रूद्रात्मकाय हुं फट कपिभ्यो नमः का 1 माला जाप करें। **दिशाशूल**-अग्नेय एवं दक्षिण। **खरीदारी के लिए शुभः** शामः 03:00 से 04:30 तक। **राहु कालः** दोपहर 1:30 से 3:00 बजे तक।

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 4, शुभ रंग लालः** आज आपके लिए सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने का दिन है। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलेगा। आर्थिक मामलों में जल्द लाभ की अपेक्षा न रखें, धैर्य से काम लें।

**वृष : शुभ अंक 8, शुभ रंग हल्का तांबईः** आज घर और कार्यक्षेत्र के बीच संतुलन बनाने में सफलता मिलेगी। लंबे समय से टल रहा कोई घरेलू कार्य पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ तालमेल लाभदायक रहेगा।

**मिथुन : शुभ अंक 3, शुभ हरा धानीः** आज का दिन संचार और संपर्क बढ़ाने का है। कोई नई मुलाकात या बातचीत भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रस्तुति और विचारों की प्रशंसा होगी।

**कर्क : शुभ 1, शुभ रंग चंद्रिकाः** आज अपने संसाधनों का सही उपयोग करने पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में धैर्य और समझदारी से लिए गए निर्णय लाभकारी रहेंगे। आर्थिक मामलों में बचत की दिशा में उठाया गया कदम भविष्य के लिए उपयोगी होगा।

**सिंहः शुभ अंक 9, शुभ रंग अंबर पीलाः** आज आपकी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति नई राह दिखा सकती है। कार्यक्षेत्र में किसी नए प्रोजेक्ट या योजना से जुड़ने का अवसर मिलेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें।

**कन्या : शुभ अंक 5, शुभ रंग जैतूनीः** आज का दिन आत्ममंथन और भविष्य की तैयारी का है। कार्यक्षेत्र में पुराने अनुभव नई समस्याओं का समाधान देंगे। परिवार में शांति और सहयोग का वातावरण रहेगा।

**तुला : शुभ अंक 6, शुभ रंग गुलाबीः** आज मित्रों और सामाजिक संबंधों से लाभ मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में सामूहिक प्रयास अच्छे परिणाम देंगे। आर्थिक मामलों में किसी नई योजना पर विचार हो सकता है।

**वृश्चिक : शुभ अंक 2, शुभ रंग ताम्र भूराः** आज आपके लिए जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देने का दिन है। कार्यक्षेत्र में आपकी गंभीरता और समर्पण लोगों को प्रभावित करेगा। आर्थिक मामलों में धीरे-धीरे प्रगति होगी।

**धनु : शुभ अंक 7, शुभ रंग सुनहराः** आज का दिन ज्ञान, यात्रा और नए अनुभवों से जुड़ा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नई जानकारी आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आर्थिक मामलों में दूरदर्शिता से लिया गया निर्णय अच्छा परिणाम देगा।

**मकर : शुभ अंक 10, शुभ रंग धूमिल नीलाः** आज परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने की आवश्यकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में किसी बदलाव को सकारात्मक रूप से स्वीकार करना लाभदायक होगा।

**कुंभ : शुभ अंक 11, शुभ रंग समुद्री नीलाः** आज साझेदारी और सहयोग आपके लिए लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी नए सहयोगी के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक मामलों में संतुलित निर्णय लाभ देंगे।

**मीन : शुभ अंक 12, शुभ रंग कमल बैंगनीः** आज का दिन दिनचर्या को व्यवस्थित करने और अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी उपलब्धियां बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

**भास्कर तक पहुंचाएं सीधे खबर**

धर्म-समाज-संस्था की खबर प्रकाशित करवाने के लिए आप व्हाट्सएप नंबर 9340931264 पर भेजें, फोटो एचडी हो

**सामाजिक संस्थाओं की मिसाल • निःस्वार्थ सेवा से समाज में ला रहे सकारात्मक बदलाव**

# 100 गांवों में एकल विद्यालय में संवर रहा है बच्चों का भविष्य, पेंशन से समाज सेवा

**रांची | सीमित संसाधनों के बावजूद राजधानी की सामाजिक संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य कर रही हैं। सुदूर जनजातीय अंचलों में वनवासी कल्याण केंद्र शिक्षा का उजाला फैलाकर वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ रहा है, तो वहीं झारखंड मैथिली मंच और बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरी संगठन अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजते हुए निःस्वार्थ सेवा से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।**

### वनवासी कल्याण केंद्र : हर माह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

वनवासी कल्याण केंद्र पिछले 50 वर्षों से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में जुटा है। दो सदस्यों से शुरू हुए इस संगठन में आज 200 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता हैं। प्रांतीय उपाध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने बताया कि रांची और आसपास के 100 सुदूर गांवों में 'एकल विद्यालय' चलाकर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। खास बात यह है कि स्थानीय ग्रामीणों को ही शिक्षक नियुक्त कर रोजगार भी दिया जा रहा है। संगठन हर माह चिकित्सा शिविर लगाता है और जरूरतमंदों की जांच कर निःशुल्क दवाई, साड़ियां व धोती वितरित करता है। किसान अभियान' के जरिए अन्नदाताओं को आधुनिक व वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई स्वरोजगार योजनाएं संचालित हैं, जो सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तीकरण को सुदृढ़ कर रही हैं।




### बैंक पेंशनर्स संगठन : बच्चों को गोद लेकर दे रहा शिक्षा

2012 में 50 सदस्यों से शुरू हुए 'ऑल इंडिया इंडियन बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरी संगठन' से आज झारखंड में 2200 सेवानिवृत्त कर्मचारी जुड़े हैं। महासचिव देवाशीष सेन गुप्ता के अनुसार, संगठन अपनी पेंशन और अनुभवों को समाज हित में लगा रहा है। बैंक नेशनल डे पर ये ग्रामीण इलाकों में फलदार पौधों का वितरण व रोपण करते हैं। यह संगठन जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा का जिम्मा उठाता है; वर्तमान में रांची के 5 और धनबाद के 2 बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च संगठन दे रहा है। जमशेदपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में छात्राओं को स्कूल जाने के लिए साइकिलें दी गई हैं। इसके अलावा, बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण और वृद्धाश्रमों में भोजन व उपयोगी सामग्री पहुंचाकर ये सेवानिवृत्त कर्मी समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।

### मैथिली मंच: सामाजिक कार्यों के लिए निःशुल्क मिलता है भवन

वर्ष 1997 से सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक संरक्षण में जुटा 'झारखंड मैथिली मंच' मानवीय सेवा की अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। महासचिव जयंत कुमार झा ने बताया कि मंच समाज के लोगों के निधन पर अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद देता है और पीड़ित परिवार के सदस्य को रोजगार से जोड़ता है। चिकित्सकों के सहयोग से गरीब मरीजों की डॉक्टर फीस माफ कराई जाती है। संस्था के सदस्य व्यक्तिगत स्तर पर गरीब बच्चों की पूरी शिक्षा का खर्च उठाते हैं। साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच का भवन पूरी तरह निःशुल्क है। मंच ने अपने भवन की देखरेख करने वाली आदिवासी महिला के पति की मौत के बाद बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है और परिवार को वेतन के अतिरिक्त 1000 रुपए प्रति माह की विशेष सहायता भी दे रहा है।

## ॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

### मारवाड़ी युवा मंच ने राज्यसभा सांसद से भेंट की, सामाजिक कार्यों व जनसेवा की दी जानकारी



रांची | झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने उनके सफल संसदीय कार्यकाल की कामना करते हुए भरोसा जताया कि वे झारखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से उठाएंगे। बैठक के दौरान मंच के पदाधिकारियों ने राज्यभर में चल रही सामाजिक सेवा और जनजागरण गतिविधियों की जानकारी साझा की और समाजहित के कार्यों में मार्गदर्शन व सहयोग का आग्रह किया। मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, दीपक गोयंका, विकास झाझरिया, अमित शर्मा, रांची शाखा अध्यक्ष विकास अग्रवाल व अन्य सदस्य थे।

### असाध्य रोगों से पीड़ित बच्चों को अधिकार दिलाने के लिए आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

रांची | लहू बोलेगा रक्तदान संगठन और झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्य निःशक्तता आयुक्त कीर्तिश्री से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि झारखंड में थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, हीमोफीलिया और अप्लास्टिक एनीमिया के 11,000 से अधिक मरीज हैं। दिव्यांगता कानून में शामिल होने के बावजूद इन पीड़ितों को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार में पूरा अधिकार नहीं मिल रहा है। आयुक्त कीर्तिश्री ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यावहारिक दिशा-निर्देश जारी करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में नदीम खान, संजय टोप्पो सहित कई पीड़ित परिवार शामिल थे।

**आठवीं मुहर्रम • अंसार नगर में मजलिस के बाद अलम के साथ निकला मातमी जुलूस**

## धर्म से पहले इंसानियत के रक्षक बनें : मौलाना तहजीबुल



सिटीरिपोर्टर | रांची

अंसार नगर स्थित मस्जिद जाफरिया में अंजुमन-ए-जाफरिया की ओर से आयोजित 10 दिवसीय 'शहीदान-ए-कर्बला' कार्यक्रम के तहत बुधवार को आठवीं मजलिस का आयोजन किया गया। मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि धर्म का रक्षक बनने से पहले इंसान को इंसानियत का रक्षक बनना चाहिए। जो इंसानियत की हिफाजत में अपनी जान देता है, उसका नाम इतिहास में हमेशा जिंदा रहता है।मौलाना ने कर्बला के मैदान का जिक्र करते हुए कहा कि इमाम-ए-हुसैन ने जंग के बीच भी इंसानों और जानवरों की जान का ख्याल रखा। सातवीं मुहर्रम से खुद कर्बला वालों पर पानी बंद था, इसके बावजूद उन्होंने दुश्मनों के सिपाहियों और उनके जानवरों को पानी पिलाया। हुसैनी सीरत यही सिखाती है कि हमारे रहते कोई प्यासा न रहे। अगर यह सोच हर इंसान अपना ले, तो समाज से आपसी भेदभाव हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। मजलिस के बाद कर्बला की याद में शिया समुदाय द्वारा अलम का मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान एख्तेदार हैदरी, हसनैन राचवी, कासिम अली और असगर इमाम ने दर्दभरी नौहाखानी की, जबकि कमर बेलगरामी ने शोजखानी पेश की।

### मौलाना आजाद कॉलोनी के इमामबाड़ा में फातिहा के साथ खड़ा हुआ अलम

रांची | जमीयतुल कुरैश पंचायत की ओर से मौलाना आजाद कॉलोनी स्थित नवनिर्मित इमामबाड़ा में मुहर्रम की सातवीं पर फातिहा के साथ निशान व अलम खड़ा किया गया। इस इमामबाड़े की भूमि स्व. अबुल, समसू और हमीदुल कुरैशी के वंशजों द्वारा लिखित रूप से पंचायत के नाम वक्फ कर प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी को सौंपी गई है। जामा मस्जिद के मुअज्जिन शाहिद रजा और शाहबुद्दीन ने फातिहा ख्वानी कराई। मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महताब आलम, अधिवक्ता अख्तर हुसैन, पंचायत अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू, महासचिव परवेज कुरैशी और पार्षद आलिया नाज व अन्य थे।

### 9 कुंडीय महायज्ञ में लोगों ने गुरु दीक्षा संस्कार ली

रांची | सेक्टर टू धुर्वा स्थित गायत्री शक्तिपीठ की यज्ञशाला में गायत्री जयंती, गंगा दशहरा और गुरुदेव के महाप्रयाण स्मरण पर 9 कुंडीय महायज्ञ आयोजित किया गया। साधक-शिष्यों ने गायत्री महामंत्र का सामूहिक सस्वर पाठ, गुरु-ईश ध्यान, नमन-वंदन और "चलेंगे हम जगत जननी तुम्हारे ही इशारे पर" प्रज्ञागीत का गायन-वादन किया। कुछ नए परिजनों ने महामंत्र की दीक्षा ली और यज्ञोपवीत परिवर्तन कराया। यज्ञ दो पालियों में संपन्न हुआ, आहुतियां दी गईं और अमृताशन भंडारा भी हुआ। यज्ञ पुरोहित ने कहा कि साधना और प्रार्थना में मांगना हो तो सद्गुणों की संपदा मांगी जाए, क्योंकि उपासना का उद्देश्य स्वार्थपूर्ति नहीं, बल्कि जीवनचर्या में पवित्रता, पात्रता और क्षमता बढ़ाना है। कार्यक्रमों में लोकहित और विश्व शांति के लिए स्वस्तिवाचन, शांति पाठ, संध्या दीपयज्ञ तथा 18 सूत्रीय सत्संकल्प पाठ भी कराया गया।

**श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर का वार्षिकोत्सव कल से**

## मानव तन मोक्ष के लिए : जगद्गुरु



रांची | दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर का 19वां वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव 26 से 28 जून तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज और उनके सहयोगी श्रीगोविन्ददास वृंदावन से रांची पहुंच चुके हैं। महाराज ने श्रीनिवास टावर स्थित भगवान दास सत्संग हॉल में 'कल्याण महोत्सव मंडपम्' और मंदिर के समक्ष बन रहे 'सुदर्शन यज्ञ मंडपम्' का निरीक्षण किया। मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया ने बताया कि 25 जून की रात तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। महोत्सव के सभी अनुष्ठान जगद्गुरु के सानिध्य में संपन्न होंगे।

जगद्गुरु स्वामी अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि यह दुर्लभ मानव जीवन केवल पेट भरने के लिए नहीं मिला है। संसारिक विषयों में लगा मन बंधनकारी होता है, जबकि भगवान की ओर उन्मुख मन मोक्षकारी बनता है। उन्होंने कल्याणोत्सव का महत्व बताते हुए कहा कि ब्रह्माजी की परंपरा के अनुसार होने वाले भगवान श्रीनिवास के इस विवाह-महोत्सव में जो भी सहभागी बनता है, उसका कल्याण निश्चित है।

### न्यू मधुकम में 7 दिवसीय भागवत कथा कल से

रांची | न्यू मधुकम वार्ड संख्या-28 में महिला समिति के तत्वावधान में 26 जून से 2 जुलाई तक भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ आयोजित होगा। आयोजन न्यू मधुकम रोड नंबर-5, चुना भट्ठा क्षेत्र में गोपाल मंदिर के पीछे होगा। वृंदावन के कथावाचक कन्हैया पांडेय श्रद्धालुओं को भागवत महापुराण की कथा सुनाएंगे। समिति के अनुसार कथा के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन, सत्संग, प्रसाद वितरण और अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। समापन दिवस 2 जुलाई को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। सिंधु बरनवाल ने बताया कि तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## उपयाजक बनना एक अधिकार नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण और सेवा का बुलावा : आर्चबिशप




रांची| टीओआर के संत फ्रांसिस ट्रेनिंग सेंटर रांची में बुधवार को रांची कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने टीओआर धर्मसमाज के समर्पित दो भाइयों ब्रदर एन्सेलम मुंडू व ब्रदर अमरदीप लकड़ा को उपयाजक अभिषेक प्रदान किया। इस पवित्र संस्कार के दौरान महाधर्माध्यक्ष ने नव-अभिषिक्त उपयाजकों पर हाथ रखकर और प्रार्थना के माध्यम से उन्हें वेदी और ईश्वर की जनता की सेवा के लिए नियुक्त किया। आर्चबिशप ने कहा कि उपयाजक बनना एक अधिकार नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण और सेवा का बुलावा है। उन्होंने नव-अभिषिक्त भाइयों को याद दिलाया कि उन्हें प्रभु येसु मसीह के पदचिह्नों पर चलना है, जो इस दुनिया में सेवा कराने नहीं, बल्कि सेवा करने आए थे। मौके पर टीओआर धर्मसंघ के प्रोविंशियल फा. मनोज वेंगतनाम, फा. हिलारियूस बारला, फा. बेंजामिन तिड्डू, फा. असीम मिंज थे।

### 'मम्मा' का 61वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया

रांची| ब्रह्माकुमारीज गांधीनगर सेवा केंद्र में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती 'मम्मा' का 61वां पुण्य स्मृति दिवस 'विश्व आध्यात्मिक ज्ञान दिवस' के रूप में श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आरके झा ने मातेश्वरी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। ब्रह्माकुमारी सुरेखा बहन व बीके देव भाई ने ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मम्मा त्याग, तपस्या और ज्ञान की साक्षात प्रतिमूर्ति थीं और कम उम्र में यज्ञ की जिम्मेदारी संभालकर मातृ-शक्ति का आदर्श प्रस्तुत किया।

### हेहल : समाजसेवी बुधवा तिर्की को मातृशोक



रांची | पहाड़टोली, हेहल में समाजसेवी बुधवा तिर्की की माता बिरसी तिर्की का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन पर मुहल्लेवासियों ने शोक जताया है। स्थानीय लोगों ने उनके सरल स्वभाव और पारिवारिक जुड़ाव को याद करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**कार्यालय :- जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा**
Email ID: dcpsgarhwa@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 एवं नियम 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्ति (Support Person) की सेवा लेने हेतु पैनल निर्माण के लिए जिला स्तर पर प्रति केस शुल्क आधारित चयन संबंधी प्रकाशित विज्ञापन सं0–PR377464 Women, Child Development & Social Securtiy (2026-27)D, के आलोक में प्राप्त आवेदनों का स्क्रुटनी के पश्चात् योग्य आवेदनों की सूची जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है।

योग्य आवेदकों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रति के साथ दिनांक–27.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे सिविल कोर्ट, गढ़वा के सम्मेलन कक्ष (Conference Hall) में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

PR 383181 Women, Child Development & Social Security(26-27)#D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Very Short-Term e-Procurement Notice**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/28/2026-27 | Upgradation and Renovation of Main Building in Chief Secretary Residence at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi | 9876000 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 01-07-2026 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 09-07-2026 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 10-07-2026 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note: - Cost of bidding document (Non -Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

PR 383173 (Building) 26-27 (D)

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/gmsp.jbvnl@rediffmail.com

**Short E-Procurement Notice**

JBVNL invites online short e-tender from reputed, technically experienced and financially sound manufacturers/ supplier only for procurement of following Materials :-

| Sr | NIT/Tender notice No. and description of item | Tender fee | Date of publication of tender on website | Document download start date & time | Online Bid Submission start date | Pre-bid meeting date | Online Bid Submission end date | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 169/PR/JBVNL/2026-27 Vehicle mounted with hydraulic elevated platform with complete fitting | Rs 10000/- + GST | 25/06/2026 from 13:00 Hrs. | 25/06/2026 from 13:10 Hrs. | 25/06/2026 from 13:20 Hrs. | 29/06/2026 from 15:30 Hrs. | 08/07/2026 upto 18:00 Hrs. | 09/07/2026 at 18: 00 Hrs. |

NOTE:- (i)Only e-tenders will be accepted. Further details can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 9470378503/ 9430348596, NIC helpline No. 0651-2400178
(ii)Tender fee & EMD must be paid through online mode.
(iii)Tender fee is non-refundable.

PR 383179 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
DGM (Purchases)

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI Relationship beyond banking

**आंचलिक कार्यालय, राँची अंचल**
प्रधान टॉवर्स, ओवरब्रिज के पास, मेन रोड, राँची - 834001
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत गिरवी रखी संपत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना

**निम्नवर्णित सम्पत्तियों को सरफेसी अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "बिना किसी संसाधन के आधार पर" बेचा जाना है**

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाता/ उधारकर्ता/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण | कब्जे की स्थिति | A) आरक्षित मूल्य / B) अग्रधन जमा राशि | बकाया राशि एवं सम्पत्ति ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | संपत्ति वसूली शाखा - राँची / कंचन सिंह (उधारकर्ता) तथा तपेश कुमार सिंह (सह-उधारकर्ता) | समतुल्य बंधक (EQM) द्वारा सुरक्षित संपत्ति : "ब्लू सैफायर" नामक भवन के ब्लॉक-C के भूतल (Ground Floor) पर स्थित फ्लैट संख्या G-B, जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1576 वर्ग फुट है, ग्राम – अरगोड़ा, थाना – अरगोड़ा, थाना संख्या – 207, जिला – राँची में स्थित है। संपत्ति स्वामी श्रीमती कंचन सिंह, पति श्री तपेश कुमार सिंह के नाम पर पंजीकृत **विक्रय विलेख संख्या 7550/6667 दिनांक 20.11.2017** के अंतर्गत दर्ज है। **सीमाएं :** पूर्व : सेटबैक क्षेत्र (गार्डन), पश्चिम : लिफ्ट एवं लॉबी, उत्तर : सेटबैक क्षेत्र (ब्लॉक-A), दक्षिण : फ्लैट संख्या G-A | 13(2)- 08.12.2023 13(4)- 01.06.2024 सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि : 18.06.2026 | A) Rs. 51.05 Lakhs B) Rs. 5.11 Lakhs | ₹ 37.13 लाख + UCI एवं अन्य व्यय / BKIDRANKANC |
| 02 | संपत्ति वसूली शाखा - राँची / रजिया खातून तथा नूरुल्लाह अंसार | मुक्तधारिता भूमि के साथ भूतल एवं प्रथम तल का भवन, जिसका क्षेत्रफल 30.00 डिसमिल है, जो प्लॉट संख्या 41, खाता संख्या 07, मौजा – चक्रवाली, प्रज्ञा – गोला, थाना संख्या – 61, थाना – गोला, जिला – रामगढ़, झारखण्ड में स्थित है। संपत्ति स्वामी श्रीमती रजिया खातून, पति श्री नुरुल्लाह अंसारी के नाम पर पंजीकृत **विक्रय विलेख संख्या 2422 दिनांक 08.09.2012** के अंतर्गत दर्ज है। **विलेख के अनुसार संपत्ति की सीमाएं :** उत्तर : निज विक्रेता की भूमि, दक्षिण : निज विक्रेता की भूमि, पूर्व : एन.एच.-23, रामगढ़–बोकारो मार्ग, पश्चिम : निज विक्रेता की भूमि। | 13(2)- 11.07.2025 13(4)- 17.04.2026 सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि : 18.06.2026 | A) Rs. 76.05 Lakhs B) Rs. 7.61 Lakhs | रु. 14,80,485.52/- तथा उस पर अविलेखित ब्याज एवं अन्य व्यय, Housing Loan & LAP खाता संख्या 484975110000003 एवं 484962610000002 के संबंध में एवं रु. 8,52,492.92/- तथा उस पर अविलेखित ब्याज एवं अन्य व्यय, LAP खाता संख्या 484962610000003 के संबंध में / BKIDRANRAJIYA |
| 03 | संपत्ति वसूली शाखा - राँची / श्री दयानंद मोदी | संपत्ति का समस्त भाग, जिसमें 4.48 डिसमिल भूमि तथा उस पर निर्मित भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल का भवन तथा चहारदीवारी सम्मिलित है, जो प्लॉट संख्या 4021, खाता संख्या 479, मौजा – तेलैया, वार्ड संख्या 01, थाना संख्या 244, तिलैया थाना, जिला – कोडरमा, झारखण्ड में स्थित है। संपत्ति स्वामी श्री दयानंद मोदी, पिता स्वर्गीय नाथो मोदी के नाम पर पंजीकृत **विक्रय विलेख संख्या 4023 दिनांक 29.07.2013** के अंतर्गत दर्ज है। **विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की सीमाएं :** उत्तर : नवल किशोर दरूका / नवल किशोर दरूका की खुली भूमि, दक्षिण : उपेन्द्र सिंह / उपेन्द्र सिंह की भूमि, पूर्व : 16 फीट चौड़ी सड़क, तत्पश्चात शंकर नाथ झा, पश्चिम : डॉ. डी. पी. सक्सेना। | 13(2)- 08.09.2022 13(4)- 13.03.2023 सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि : 18.06.2026 | A) Rs. 80.33 Lakhs B) Rs. 8.04 Lakhs | 42.40 लाख रुपये + UCI एवं अन्य व्यय / BKIDRANDAYM |

**संपत्तियों हेतु संपर्क विवरण : शुभम कुमार अग्रवाल – 8370032832**

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 28.07.2026 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ**
**संपत्ति निरीक्षण तिथि : 27.07.2026 तक (प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें)**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : एआरडी, अंचल कार्यालय, अनूप गुप्ता (मुख्य प्रबंधक) 7772845416, गणेश कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक) मोबाइल. 9386107289

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं : (1) ई-नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रदान की गई ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। (2) ई-नीलामी के नियम और शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://baanknet.com देखें। (3) अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सुचना एवं कारण बताये किसी भी बोली स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/ टालने/ रद्द करने अथवा बिक्री के नियमों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।

स्थान : राँची

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य है।

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया